पंजाब केसरी

पानीपत में CM फ्लाइंग टीम ने नकली पनीर बनाने की फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, कई जगह होता था सप्लाई

पानीपत (सचिन) : पानीपत में सीएम फ्लाइंग टीम ने नकली पनीर बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस फैक्ट्री से कई जिलों में नकली पनीर की सप्लाई होती थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

करीब 170 किलोग्राम पनीर बरामद

जांच में खुलासा हुआ है कि फैक्ट्री संचालक की ओर से बिना लाइसेंस के केमिकल वाला पनीर तैयार कर जिले के विभिन्न हिस्सों के साथ ही करनाल और जींद में भी सप्लाई किया जाता था। इस दौरान मौके से करीब 170 किलोग्राम पनीर और डी फ्रीजर से 150 किलो खीस व कैमिकल बरामद किया गया है, जिसकी सैंपलिंग करने के बाद टीम ने नष्ट करवा दिया।

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी अजीत सिंह के नेतृत्व में टीम मतलौडा में वैसर रोड स्थित एक फैक्टरी में पहुंची। यहां फैक्ट्री में सुनील कुमार निवासी हथयौल चंपारण बिहार हाल निवास मतलौडा मिला। उसने पूछताछ में बताया कि फैक्ट्री के मालिक उसके पिता विजय शाह हैं। टीम के मांगे जाने पर सुनील कोई भी एफएसएसआई या खाद्य पदार्थ बनाने संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। सुनील ने बताया कि यह फैक्ट्री उसने सतबीर सिंह वासी नैन गांव से किराए पर ले रखी है। टीम ने यहां खाद्य पदार्थ की जांच की। इस दौरान यहां 170 किलोग्राम पनीर, डी-फ्रीजर में करीब 150 किलोग्राम खीर, दूसरे फ्रीजर से करीब 40 किलोग्राम दूध और कैनी में करीब 15 किलोग्राम सिरका मिला। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने इनके सैंपल लिए।

Source: https://haryana.punjabkesari.in/haryana/news/cm-flying-team-busted-factory-making-fake-cheese-1925038